तापमान

अधिकतम 23 .4 डिग्री

न्यूनतम 18 .4 डिग्री

हरिभूमि

# हिसार भूमि

रोहतक, मंगलवार, 7 अक्टूबर 2025



12 स्पोर्ट्स की दुकान में लाखों रुपये का सामान और...



12 महिला तथा पुरुष दोनों वर्गों में जीतकर...




## बारिश व ओलावृष्टि से धान की खड़ी फसल बिछी, भारी नुकसान

# दो दिन से हो रही बारिश से पारे ने लगाया गोता, ठंडक का अहसास

**मौसम वैज्ञानिकों ने 24 घंटे में और बारिश होने की संभावना जताई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

पिछले दो दिनों से हिसार व आसपास के इलाकों में हो रही बारिश से खरीफ की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। हांसी तथा नारनौंद एरिया में तेज अंधड़ के साथ बारिश और ओलावृष्टि के कारण धान की खड़ी फसल बिछ गई है। उधर, दो दिनों से हो रही बारिश के कारण अधिकतम तथा न्यूनतम पारे में भारी गिरावट दर्ज की गई है। दिनभर चली तेज हवाओं और सोमवार सुबह हुई बारिश ने लोगों को ठंड का अहसास करवा दिया। दिन के पारे में गोता लगा दिया है। अधिकतम पर सामान्य से 10.7 डिग्री सेल्सियस नीचे चला गया है। सोमवार को अधिकतम तापमान 23.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रात्रि पारा लुढ़क कर 18.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया, जो कि सामान्य से 4.2 कम है। रविवार को न्यूनतम पारा 22.6 डिग्री सेल्सियस था। मौसम वैज्ञानिकों ने 24 घंटे में और बारिश होने की संभावना जताई है। 8 अक्टूबर के बाद पश्चिमी विक्षोभ के निकलते ही हवाओं की दिशा उत्तरी हो जाएगी।



नारनौंद। बारिश और आंधी के बाद खेतों में बिछी हुई धान की फसल। फोटो: हरिभूमि

### किसानों के लिए आफत बनी बरसात

रविवार देर रात हुई बारिश सुलखनी क्षेत्र में किसानों के लिए आफत बनकर आई। तेज हवाओं और बारिश ने धान की फसल को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। खेतों में लहलहाती खड़ी फसल अब जमीन पर बिछ गई है। कई किसानों की मेहनत और उम्मीदें इस बारिश से चंद घंटों में मिट्टी में मिल गईं। किसानों अमित, संदीप, जयवीर सहित कई अन्य ने बताया कि पहले ही अगस्त माह में हुई भारी बारिश से उनकी फसल को काफी नुकसान पहुंचा था। किसी तरह जो फसल बची थी और अब कटाई के लिए तैयार हो रही थी, वह भी अब बर्बाद हो गई। गांव सिंघवा राघो, सुलखनी, मिर्जापुर, घिराय, धांसू आदि में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने धान की फसल को झुकाकर जमीन पर गिरा दिया। रामप्रकाश बिश्नोई ने बताया कि धान की बालियां अब जमीन से सट गई हैं, जिससे फसल का दाना सड़ने और खराब होने की आशंका बढ़ गई है। साथ ही, खेतों में पानी भर जाने के कारण कटाई करना भी बेहद मुश्किल हो गया है। धान के गिर जाने से मशीनों द्वारा हार्वेस्टिंग करना संभव नहीं रहेगा और मजदूरों से कटाई कराने पर खर्च कई गुना बढ़ जाएगा।

### निचले इलाकों में जलभराव

रविवार तथा सोमवार को हुई बारिश के कारण शहर के निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। इसके चलते लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों को सामना करना पड़ा। कई स्थानों पर अधिक जलभराव होने के कारण दोपहिया वाहन बंद हो गए।

### बारिश से फसलों को नुकसान

**नारनौंद।** पिछले दो दिनों से हो रही बारिश के कारण किसानों की फसले पूरी तरह से बर्बाद हो गई है। किसानों ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है। सरकार ने जल्दी मुआवजा राशि देने की घोषणा नहीं की तो किसान सड़कों पर आकर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। रविवार और सोमवार को हुई तेज बारिश व तूफान के कारण धान की फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई। धान की फसल और बाजरा की फसले आंधी के कारण गिर गई और बारिश के कारण पानी में डूब गई है।

### किसान के हाथ बिल्कुल खाली

किसान ईश्वर, बलबीर, राजबीर, अशोक, जयबीर, प्रदीप, रामकुमार, जयभगवान, दयानंद, मेवा सिंह ने बताया कि बारिश व तेज आंधी के कारण फसले खराब हो गई हैं। आज किसान के हाथ बिल्कुल खाली है। अब सरकार को अन्नदाता की मदद करने के लिए तुरंत प्रभाव से आगे आना चाहिए क्योंकि किसान अबकी बार मौसम की मार से पूरी तरह से चौपट हो चुके हैं। दो वक्त की रोटी भी जुटाने की समस्या आने वाली है। किसान का सब कुछ फसल पर ही आधारित रहता है। सरकार तुरंत प्रभाव से किसानों को मुआवजा देने की घोषणा करें अन्यथा किसान सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।






### आरएसएस के स्थापना दिवस पर माजरा में हुआ कार्यक्रम

**नारनौंद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना का शताब्दी वर्ष सभी खंड व नगरों बनाया जा रहा है। खंड राखी के माजरा गांव में भी शस्त्र पूजन व पर संचलन निकला, जिसमें 90 पूर्ण गणवेश धारी स्वयंसेवकों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में सतरोल खाप के पूर्व प्रधान रामनिवास लोहान ने अध्यक्षता की। उन्होंने बताया कि विभाग विद्यार्थी कार्य प्रमुख संघ का बौद्धिक रहा। समाज में संघ के योगदान व सामाजिक कार्यों के विषय में चर्चा की। मुख्य वक्ता रामनिवास लोहान ने संघ की स्थापना के उद्देश्य, क्रमिक विकास, देश की आजादी में संघ के योगदान की चर्चा की। पंच परिवर्तन जैसे पर्यावरण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन,स्व का बोध व नागरिक कर्तव्य के माध्यम से समाज को जोड़कर सकारात्मक परिवर्तन लाना चाहता है। इस दौरान शिव कुमार, हनुमान विस्तारक, डॉ. राजबीर, जयबीर माजरा, सुरेन्द्र खंड कार्यवाह, शमशेर सिंह सह खंड कार्यवाहक, डॉ. रणधीर, दीपक कौशिक, कर्णपाल, देव व सुल्तान आदि उपस्थित रहे।



### मारपीट करके 10 हजार छीनने के दोषी को 10 साल कैद, 25 हजार जुर्माना

**हिसार।** अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सौरव खत्री की अदालत ने मारपीट करके 10 की नकदी छीनने के मामले में दोषी को 10 साल की सजा सुनाई है। दोषी करार दिए गए ढंढरी निवासी अमित उर्फ हाकला पर 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत में चले मामले के अनुसार हांसी क्षेत्र के गांव ढंढेरी निवासी दीपचंद ने हांसी सदर थाना पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी। उसने शिकायत में बताया था कि वह अपने घर के गेट के पास 10 हजार की गिनती कर रहा था। इसी दौरान गांव का ही अमित उर्फ हाकला वहां से गुजरा और थोड़ी देर बाद बस अड्डा की तरफ से वापस आया। आरोपी ने दीपचंद की शर्ट की जेब से रुपए निकालने की कोशिश की। जब दीपचंद ने इसका विरोध किया तो अमित ने पास पड़ी सीमेंट की ईंट से उसके सीने और सिर पर वार किए, जिससे वह घायल होकर गिर गया।

### पूर्व वित्त मंत्री कैप्टन अभिमन्यु होंगे मुख्य अतिथि

**हिसार।** हरियाणा सरकार की संत महापुरुष सम्मान एवं विचार प्रसार योजना के तहत मंगलवार को हिसार, नारनौंद व उकलाना में महर्षि भगवान वाल्मीकि जयंती का आयोजन किया जाएगा। हिसार में लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर सिंह गंगवा मुख्य अतिथि रहेंगे जबकि विधायक सावित्री जिंदल व पूर्व मंत्री डॉ कमल गुप्ता विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे। नारनौंद में पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु तथा उकलाना में पूर्व मंत्री अनूप धानक बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

### ग्रुप-डी में नौकरी दिलाने के नाम पर 2.40 लाख रुपये की ठगी

**हिसार।** शहर पुलिस ने ग्रुप-डी में नौकरी दिलाने के नाम पर 2 लाख 40 हजार रुपये की ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए दूसरे आरोपी सिरसा के भावदीन निवासी रविन्द्र को गिरफ्तार किया है। उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन के रिमांड पर भेज दिया गया। जांच अधिकारी उपनिरीक्षक मनमोहन सिंह ने बताया कि इस संबंध में 24 जुलाई 2024 को सेक्टर-14 हिसार निवासी बलजीत और पाबड़ा निवासी राहुल ने शिकायत दी थी कि जोगिंद्र और उसके साथी रवींद्र ने स्वयं को पुलिस में उप निरीक्षक बताकर ग्रुप-डी में नौकरी लगवाने का झांसा दिया। आरोपियों ने अलग-अलग तारीखों पर 2.40 लाख रुपये वसूल लिए लेकिन नौकरी नहीं लगवाई। बाद में शिकायतकर्ताओं द्वारा पैसे मांगने पर आरोपियों ने बिना राशि वाले खाते का चेक दे दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज करके जांच करते हुए मामले में दूसरे आरोपी रविन्द्र को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा इस मामले में पहले भी एक आरोपी जोगिंदर को गिरफ्तार कर 80 हजार रुपये बरामद किए जा चुके है। आरोपी रविन्द्र से पूछताछ जारी है। आरोपी को अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।











**खेतों पर रखी जाएगी कड़ी निगरानी, 45 टीमें गठित**

## हांसी में नहीं जलने दिए जाएंगे फसल अवशेष

*फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने वाले किसानों को दी जाएगी 1200 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि, पहले दी जाती थी 1000 रुपये की राशिः एसडीएम*



हांसी। फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते एसडीएम राजेश खोथ। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी

फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने वाले किसानों को राज्य सरकार द्वारा प्रति एकड़ 1200 रुपये की राशि प्रोत्साहन के रूप में उपलब्ध करवाई जाएगी। पहले 1000 रुपये की राशि उपलब्ध करवाई जाती थी।

यह जानकारी एसडीएम राजेश खोथ ने सोमवार को लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन को लेकर कृषि, राजस्व, पशुपालन तथा विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करते समय देते हुए बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए किसानों को मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण करवाना आवश्यक है। एसडीएम ने कहा कि उपमंडल क्षेत्र में किसी भी सूरत में फसल अवशेष नहीं जलने दिया जाएगा। उपमंडल में 45 निगरानी टीमें गठित की गई है, जोकि खेतों में निगरानी करेगी। उन्होंने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह गांव-गांव कैंप आयोजित कर किसानों को फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव बारे जागरूक करें।

### पराली किसानों के लिए आमदनी का एक अतिरिक्त साधन

एसडीएम ने कहा कि पराली किसानों के लिए आमदनी का एक अतिरिक्त साधन बन सकता है बशर्ते उन्हें इसका उचित प्रबंध करना होगा। इसके लिए प्रशासन द्वारा किसानों की हर संभव सहायता की जाएगी। हांसी ब्लॉक में 22 कस्टम हायरिंग सेंटर संचालित है। इन केंद्रों से किसान बहुत ही कम किराए पर आवश्यक कृषि यंत्र प्राप्त कर सकते हैं। बेलर मशीन की भी कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।

Scanned with OKEN Scanner

## खबर संक्षेप

### नगराधीश ने अधिकारियों के साथ शिकायतें सुनी

**हिसार।** समाधान शिविर में सोमवार को नगराधीश हरिराम ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की साथ जन शिकायतें सुनी। समाधान शिविर में डाया निवासी पूनम द्वारा हैप्पी कार्ड बनाने की मांग तथा उकलाना मंडी निवासी मान सिंह द्वारा पीएम आवास योजना के तहत लाभ जारी करवाने बारे शिकायत पर नगराधीश ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच कर आगामी कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### बीईओ ने किया सरकारी स्कूल का निरीक्षण

**हिसार।** खंड शिक्षा अधिकारी अजय कुमार ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, शिकारपुर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय प्राचार्य राजकुमार श्योराण भी उपस्थित रहे। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यालय में पीने का पानी, एमडीएम, कक्षा कक्ष, कंप्यूटर लैब, मैथ व साइंस लैब तथा विद्यार्थियों की पुस्तकों की जांच की।

### भूमि खरीद प्रक्रिया को लेकर ली बैठक

**हिसार।** अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्घा ने पीडब्लयूडी विभाग द्वारा विभिन्न विकास परियोजनाओं के बदले वनीकरण हेतु भूमि की खरीद हेतु ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदनों को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। राजस्व विभाग के अधिकारियों ई-भूमि पोर्टल के माध्यम से सरकार द्वारा निर्धारित मानदंडों के अनुसार भूमि की खरीद करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

### मिलेगा मुफ्त ड्रोन पायलट प्रशिक्षण

**हिसार।** हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम चंडीगढ़ की ओर से अनुसूचित जाति वर्ग के युवक एवं युवतियों को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ड्रोन पायलट प्रशिक्षण दिया जाएगा। विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि यह योजना युवाओं को नई तकनीक से जोड़कर रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### गुजवि की छात्रा भारती को मिली प्लेसमेंट

**हिसार।** गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल के सौजन्य से स्वमान फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के ऑफ-कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में एमबीए (बिजनेस एनालिस्ट) कार्यक्रम 2025 पासआउट बैच की छात्रा भारती को चयनित किया गया है।

### सारी दुनिया हो गई मोबाइल की दास

**हिसार।** प्रेरणा परिवार की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन क्रान्तिमान पार्क में विजेन्द्र तंवर की अध्यक्षता में किया गया। मंच का संचालन जयभगवान लाडवाल ने किया जबकि भीम सिंह हुड्डा मुख्य अतिथि थे। इस अवसर पर जयभगवान लाडवाल ने कहा कि सारी दुनिया हो गई मोबाइल की दास, रुक जा सारे काम जो नहीं फोन हो पास, नहीं फोन हो पास कमी लगती है बड़ी भारी, यह तो सबको लगी है एक तरह की बीमारी।

### चोरों ने दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे को अंडरवियर से ढका

# स्पोर्ट्स की दुकान में लाखों रुपये का सामान और नकदी चोरी

पुलिस और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट ने मौके पर पहुंचकर आरंभ की कार्रवाई



बरवाला। पुलिस और फिंगरप्रिंट एक्सपर्ट मौके पर कार्रवाई करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरवाला

बीती रात नकाबपोश अज्ञात चोर न्यू कक्कड़ मार्केट में स्थित ओलंपिक स्पोर्ट्स एंड किड्स वियर की दुकान से लाखों रुपए के सामान और नकदी की चोरी करके फरार हो गए। पुलिस ने सूचना पाकर मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का मुआवना किया और चोरी की घटना के दुकान मालिक समेत आसपास के दुकानदारों से जानकारी लेकर कार्रवाई आरंभ कर दी। फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट सिपाही सोनू ने भी मौके पर पहुंचकर चोरों द्वारा मौके पर छोड़े गए फिंगर प्रिंट को अपने कैमरे में कैद किया। इस चोरी की घटना के दुकानदार ने इस चोरी की घटना की लिखित शिकायत पुलिस को सौप दी है। इस चोरी की घटना की सूचना पाकर पार्षद प्रतिनिधि ऋषि पाल ने मौके पर पहुंचकर इस चोरी की घटना के बारे में जानकारी जुटाई। खेड़ी जालब निवासी दुकानदार सुरेंद्र ने बताया कि वह अपनी दुकान को रविवार शाम को लगभग साढ़े 7 बजे सही सलामत ताले वगैरह लगाकर अपने घर चला गया था। सोमवार सुबह पड़ोसी दुकानदार ने दुकान के ताले टूटे होने की सूचना दी तो मौके पर आकर पाया की दुकान के ताले टूटे हुए थे और शटर थोड़ा ऊपर उठा हुआ था तथा दुकान का सामान बिखरा हुआ पड़ा था। दुकान के अंदर जाकर सामान को संभाला तो दुकान की एक दराज का ताला टूटा मिला और इस दराज में रखें 90 हजार नकदी की चोरी हुई पाई गई। दुकान का सामान ट्रैक सूट, बनियान, अंडरवियर, अलग-अलग साइज के पजामे समेत अन्य सामान चोरी हुआ पाया गया। इन चोरों ने चोरी करने से पूर्व दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरे को दुकान के एक अंडरवियर से ढक दिया और दूसरे कैमरे का मुंह मोड़ दिया।

#### नकाबपोश बाइक से आए थे

दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के अनुसार दो नकाबपोश युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए और दो नकाबपोश युवक पैदल घूमते नजर आए। चोरी करने के बाद ये नकाबपोश युवक चोरी किए गए सामान को दुकान के ही सूटकेस और बैग में ठूस कर ले गए। चोरी हुए सामान की कीमत 4 लाख रुपये और 90 हजार रुपये की नकदी की चोरी बताई जा रही है। 90 हजार रुपए की नकदी सोमवार को लुधियाना जाकर दुकान का सामान खरीदने के लिए दुकान के अंदर रखी हुई थी। पुलिस द्वारा सीसीटीवी कैमरे की फुटेज को खंगाला जा रहा है और पुलिस द्वारा इस चोरी की घटना की बड़ी बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है।

# अग्रोहा धाम में शरद पूर्णिमा पर वार्षिक मेला आज, तैयारियां पूरी

- अग्रोहा धाम को लाइट, फूल व मालाओं से दुल्हन की तरह सजाया
- अग्रोहा धाम में बना माता लक्ष्मी व महाराजा अग्रसेन विशाल शक्तिपीठ : बजरंग गर्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग मेला ग्राउंड का निरीक्षण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

अग्रोहा धाम का विशाल वार्षिक मेले की सभी तैयारी पूरी हो गई है। अग्रोहा धाम को लाइट, फूल व मालाओं से दुल्हन की तरह सजाया गया है। देश के दूसरे राज्यों से श्रद्धालुओं को आगमन शुरू हो चुका है। धाम के सभी मंदिरों में प्रातः 7 बजे आरती के साथ छप्पन भोग व सवामणी का प्रसाद लगाया जाएगा। प्रातः 8 बजे हजारों महिलाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा बैंड-बाजे के साथ निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे सम्मेलन में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। अग्रोहा धाम वैश्य समाज के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने कहा कि अग्रोहा धाम में शरद पूर्णिमा पर 7 अक्टूबर को विशाल वार्षिक मेला ऐतिहासिक होगा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पवन गर्ग, अनन्त अग्रवाल,चूड़ियां राम गोयल, मांगेराम रालवासिया, अमित गोयल, ब्रह्मानंद गोयल भट्टू,आशीष सिंगला, राहुल गर्ग,संदीप कुमार, महेश अग्रवाल मथुरा, रवि सिंगला, ईश्वर सेठ, हरीश शर्मा, महेंद्र शर्मा आदि प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस मिलकपुर में विजेता खिलाड़ियों का सम्मान

- 50 विद्यार्थियों ने ड्रैगन बोट, खो-खो, स्केटिंग आदि खेलों में शानदार प्रदर्शन किया और विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी



हांसी। खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करते स्कूल चेयरमैन आनंद यादव।

आनंद स्कूल फॉर एक्सीलेंस, मिलकपुर के सभागार में सोमवार सुबह विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्कूल चेयरमैन आनंद यादव उपस्थित रहे।

उन्होंने बताया कि स्कूल के 50 विद्यार्थियों ने खेलों इंडिया प्रतियोगिता में भाग लेकर ड्रैगन बोट, खो-खो, स्केटिंग आदि खेलों में शानदार प्रदर्शन किया और विद्यालय तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया।

इसी क्रम में स्कूल की लड़कियों की खो-खो टीम ने 21 से 28 अक्टूबर तक अवध इंटरनेशनल स्कूल, अयोध्या में आयोजित नेशनल खो-खो चैम्पियनशिप में भाग लेकर सेकंड रनर-अप का स्थान प्राप्त किया। खिलाड़ियों ने ब्रॉन्ज मेडल जीतकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया।

#### सम्मानित किया

समारोह के दौरान स्कूल अध्यक्ष आनंद यादव, निदेशक साहिल यादव, प्राइमरी हेड प्रोमिला यादव व मंजु भारद्वाज ने विजेता खिलाड़ियों और कोच नसीब बुरा को ट्रॉफी और उपहार देकर सम्मानित किया।

# चौधरी भजन लाल ने विकास की बुलंदियों तक पहुंचाया हरियाणा : कुलदीप बिश्नोई

- 95वीं जयंती पर समर्थकों ने किए श्रद्धासुमन अर्पित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर



आदमपुर। समाधी स्थल पर चौ. भजनलाल को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कुलदीप बिश्नोई व अन्य। फोटो :हरिभूमि

पूर्व मुख्यमंत्री स्व. भजन लाल की 95वीं जयंती पर हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, यूपी, पंजाब सहित देश के विभिन्न क्षेत्रों में लोगों ने उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए। आदमपुर स्थित उनके समाधि स्थल पर पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई, पूर्व विधायक दुड़ाराम, पूर्व विधायक रेनुका बिश्नोई, पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई, विधायक रणधीर पनिहार सहित पारिवारिक व गणमान्य लोगों ने उनको श्रद्धासुमन अर्पित किए।

कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि भजन लाल के शासनकाल में एक समृद्ध हरियाणा का निर्माण हुआ था। अपने शासनकाल में उन्होंने सम्पूर्ण हरियाणा को सींचते हुए विकास की बुलंदियों तक पहुंचाया था। चौ. भजन लाल प्रदेश की 36 बिरादरी के जनप्रिय नेता थे। उन्होंने अपने कामकाज से समाज के हर वर्ग में अपने लिए विशेष पहचान बनाई। आज भी प्रदेश के हर क्षेत्र में उनके द्वारा करवाए गए विकास कार्यों की झलक मिलती है। चौ. भजन लाल अपने आप में संपूर्ण संस्था थे। बंटवारे के समय उनकी जेब में मात्र पांच रूपए भी नहीं थे, न ही उनकी पीढ़ियों में कोई व्यक्ति दूर-दूर तक राजनीति में था।

# जिंदल ने स्थापित की स्टेनलेस स्टील फैब्रिकेशन यूनिट

- फैब्रिकेशन यूनिट ग्राहकों को एकीकृत समाधान प्रदान करने के प्रयास में एक और कदम : जिंदल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। जिंदल स्टेनलेस द्वारा स्थापित की स्टेनलेस स्टील फैब्रिकेशन यूनिट।

जिंदल स्टेनलेस ने अपनी होल्ली ओन्ड सब्सिडियरी, जिंदल स्टेनलेस स्टीलवे लिमिटेड (जेएसएसएल), के माध्यम से मुंबई के वाशिवली, पातालगंगा में अपनी पहली स्टेनलेस स्टील फैब्रिकेशन यूनिट स्थापित की है। इस कदम का उद्देश्य इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर में उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित करना है। 4 लाख वर्ग फुट में स्थापित यह यूनिट पुल निर्माण के लिए आवश्यक घटकों और अन्य महत्वपूर्ण भागों, जैसे विभिन्न प्रकार के गर्डरों, के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेगी। इस यूनिट का उद्घाटन जिंदल स्टेनलेस के सीईओ एवं सीएफओ श्री तरुण खुल्बे ने कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। लगभग 125 करोड़ रुपये के शुरुआती निवेश के साथ स्थापित, यह यूनिट कंपनी के लिए एक रणनीतिक कदम है। यह जिंदल स्टेनलेस की स्थिति को मजबूत करती है, जो अब न केवल स्टेनलेस स्टील का आपूर्तिकर्ता है, बल्कि भारत के तेजी से बढ़ते इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर के लिए एंड-टू-एंड फैब्रिकेशन समाधान प्रदाता भी है। वित्तीय वर्ष 2026-27 तक, इस यूनिट की वार्षिक फैब्रिकेशन क्षमता वर्तमान वित्त वर्ष में अनुमानित 4,000 टन से बढ़कर 18,000 टन होने की संभावना है।

#### ग्राहकों को एकीकृत समाधान में कदम

जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह फैब्रिकेशन यूनिट हमारे ग्राहकों को एकीकृत समाधान प्रदान करने के प्रयास में एक और कदम है। पुल देश भर में लोगों, व्यवसायों, और आर्थिक गतिविधियों को जोड़ने वाले महत्वपूर्ण संरचनाएं हैं। जिंदल स्टेनलेस के सीईओ एवं सीएफओ तरुण खुल्बे ने कहा कि सस्टेनेबल सामग्री की गुणवत्ता को विश्वसनीय और उच्च गुणवत्तापूर्ण बनाने के लिए प्रशिक्षित फैब्रिकेटर ईकोसिस्टम स्थापित करना लंबे समय से एक बड़ी चुनौती रही है।

# बिश्नोई सभा ने दी पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भजनलाल को श्रद्धांजलि

- श्री बिश्नोई मंदिर प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। चौधरी भजनलाल की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई।

बिश्नोई सभा हिसार की ओर से पूर्व मुख्यमंत्री एवं बिश्नोई रत्न स्व.चौधरी भजनलाल की 95वी जयंती पर सोमवार को श्री बिश्नोई मंदिर प्रांगण में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद एवं बिश्नोई सभा के संरक्षक कुलदीप बिश्नोई, विधायक रणधीर पनिहार, पूर्व विधायक रेणुका बिश्नोई, भव्य बिश्नोई द्वारा हवन यज्ञ में पूर्ण आहुति दी। तत्पश्चात चौधरी भजनलाल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और सभी को लड्डुओं का प्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर बिश्नोई सभा हिसार के अध्यक्ष जगदीश चंद्र कड़वासरा ने बताया कि जिस प्रकार चौधरी भजनलाल ने समाज की 36 बिरादरियों के जनहित के कार्य किए उसी प्रकार देश व प्रदेश में उनकी प्रतिमाओं पर श्रद्धा के सुमन अर्पित किए जाएंगे।

### मंत्री गंगवा ने पर्वतारोही नरेंद्र को दी बधाई



हिसार। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा के साथ पर्वतारोही नरेंद्र कुमार। फोटो :हरिभूमि

**हिसार।** कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि नलवा हलके के गांव मिंगनी खेड़ा निवासी पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने पर्वतारोहण के क्षेत्र में निरंतर उपलब्धियां हासिल कर भारत और हरियाणा का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र ने कम आयु में जो कामयाबी हासिल की है, वह प्रदेश के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत है। हरियाणा के इस लाल ने विश्व की आठवीं सबसे ऊंची चोटी माउंट मनास्लु (8163 मीटर) को फतह कर भारतीय तिरंगा लहराया है। कठिन मौसम और -40 डिग्री तापमान के बीच, एवलांच के खतरे का सामना करते हुए नरेंद्र ने यह चढ़ाई पूरी की। कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि नरेंद्र न केवल पर्वतारोहण में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं, बल्कि अपने अनुभव से बच्चों और युवाओं को माउंटेनियरिंग और एडवेंचर के प्रति प्रेरित भी कर रहे हैं।

# सुनीता करवा क्वीन व अनु पांचाल बनी डांस क्वीन

- सृष्टि वूमेन एंपावरमेंट सोसायटी ने किया करवाचौथ उत्सव का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। सृष्टि वूमेन एंपावरमेंट सोसायटी के करवाचौथ उत्सव में भाग लेती महिलाएं।

सृष्टि वूमेन एंपावरमेंट सोसायटी की ओर से आजाद नगर स्थित कबीर छात्रावास में करवा चौथ उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंजू पोपली मुख्य अतिथि रही जबकि सोसायटी अध्यक्ष सुनीता रेड्डू ने मुख्यातिथि का बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर तरूणा कुहाड़, वर्षा गर्ग, डिंपल सुंडा, प्रियंका सिहाग, कमलेश वर्मा, मोहित गर्ग, रूबी, बृजलता व मीना मलिक उपस्थित रही। कार्यक्रम में मंच संचालन सुशीला सिंधु व राज्य ने किया। इस अवसर पर करवा क्वीन वह डांस क्वीन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। करवा क्वीन की विजेता सुनीता व डांस क्वीन की विजेता अनु पांचाल रही। डांस क्वीन की प्रथम रनर अप शिल्पा व द्वितीय रनरअप सीमा रही। करवा क्वीन की प्रथम रनरअप मीना मलिक व द्वितीय रनरअप अमीषा रही।

कार्यक्रम में दर्शकों ने तंबोला व पास दा पिल्लो गेम का आनंद उठाया। तंबोला की विजेता सुशीला, डिंपल सुंडा व मंजू पोपली रही। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागी महिलाओं को सोसाइटी द्वारा पुरस्कृत किया गया।

### मार्केट कमेटी के पूर्व वाइस चेयरमैन यादव को मिलेगा महर्षि अरविंदो अवार्ड

**हांसी।** मार्केट कमेटी के पूर्व वाइस चेयरमैन तथा वर्तमान में हांसी जिला भाजपा प्रेस प्रवक्ता जगमोहन यादव का महर्षि अरविंदो अवार्ड के चयन किया गया है। शाश्वत हिंदू संगठन के सह समन्वयक व प्रचार प्रमुख रवि यादव ने बताया की जगमोहन यादव को 12 अक्टूबर को जम्मू में जम्मू एवं कश्मीर के राज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा अरविंदो अवार्ड प्रदान किया जाएगा। जगमोहन यादव ने महर्षि अरविंदो अवार्ड के चयन पर आभार जताते हुए कहा कि मेरे लिए बड़े हर्ष की बात है कि महर्षि अरविंदो अवार्ड के लिए मेरे नाम का चयन किया गया। मैं ऐतिहासिक नगरी हांसी की इस पवित्र धरा को नमन करता हूं जिस पर कार्य करने का मुझे सौभाग्य मिला और जिसके कारण मेरा नाम भारतवर्ष के उन 12 महावीरों में सम्मिलित हुआ जिनको अरविंदो अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

### जाट महाविद्यालय के खिलाड़ियों का कबड्डी प्रतियोगिता में दबदबा

# महिला तथा पुरुष दोनों वर्गों में जीतकर किया नाम रोशन

विजेता खिलाड़ियों को कुलपति ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



हिसार। महिला विजेता टीम को ट्रॉफी देते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के खेल निदेशालय के सौजन्य से हुई इंटर कॉलेज महिला व पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में महिला तथा पुरुष दोनों ही वर्गों में सीआरएम जाट महाविद्यालय का दबदबा रहा और चैंपियनशिप जीती। विजेता खिलाड़ियों को विवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर खेल निदेशालय के डीन प्रो. आशीष अग्रवाल, निदेशक डा. एसबी लूथरा, सहायक निदेशक डा. मृणालिनी नेहरा तथा कोच उपस्थित रहे। महिला वर्ग में सीआरएम जाट महाविद्यालय, हिसार की टीम प्रथम, एसडी महिला महाविद्यालय, हांसी की टीम द्वितीय तथा फतेहचंद महाविद्यालय, हिसार की टीम तृतीय स्थान पर रही। पुरुष वर्ग में सीआरएम जाट महाविद्यालय, हिसार की टीम ने प्रथम व राजकीय महाविद्यालय, नलवा की टीम दूसरा स्थान प्राप्त किया। राजकीय पीजी महाविद्यालय, हिसार की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

#### इंटर यूनिवर्सिटी खेल प्रतियोगिता गुजवि की टीम का चयन

*प्रतियोगिता के दौरान इंटर यूनिवर्सिटी खेल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए विश्वविद्यालय की टीम का चयन किया गया। चयनित खिलाड़ियों में सीआरएम जाट महाविद्यालय, हिसार के अंकित, आदेश, रोबिन, विशाल, कपिल, आर्यन, मोहित, हन्नी व अमन, राजकीय महाविद्यालय हिसार के मोहित, राजकीय महाविद्यालय, हांसी के विशाल, राजकीय महाविद्यालय नलवा के अंकुश, साहिल व विजय शामिल हैं। इसके अतिरिक्त यूटीडी के प्रवीन व राजकीय महाविद्यालय, नलवा के आशीष को स्टेंडबाई रखा गया है।*

#### स्वस्थ रखने के लिए खेलों की भूमिका महत्वपूर्ण : प्रो. बिश्नोई

इस अवसर पर कुलपति प्रो. बिश्नोई ने कहा है कि हिसार के खिलाड़ी खेलों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना रहे हैं। विकसित भारत 2047 के संकल्प को सार्थक करने के लिए मानव संसाधन का स्वस्थ एवं ऊर्जामयी होना आवश्यक है। मानव संसाधन को स्वस्थ रखने के लिए खेलों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। प्रो. बिश्नोई ने कहा कि गुजविप्रौवि अपने विद्यार्थियों को खेलों के प्रति प्रेरित करने के लिए प्रतिबद्ध है।